


# पंचदश बिहार विधान सभा

## प्रथम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-7 बुधवार, दिनांक- 08 दिसम्बर, 2010 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वा० से 12.15 बजे अप० तक ।**

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

11 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

[2] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री विनोद कुमार सिंह
(ii) डॉ० रण विजय कुमार
(iii) श्री प्रदीप कुमार
(iv) श्री प्रमोद कुमार
(v) श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह
(vi) श्री नीरज कुमार सिंह
(vii) श्रीमती भागीरथी देवी
(viii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(ix) श्री नौशाद आलम
(x) श्री रामायण मांझी
(xi) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xii) श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय
(xiii) श्री दिलीप वर्मा
(xiv) श्री तारकिशोर प्रसाद
(xv) श्री सत्यदेव सिंह

[3] **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य श्री राम लषण राम ''रमण'' की ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित दिनांक 06.12.2010 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार की मानव संसाधन विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री आनन्दी प्रसाद यादव एवं श्री विनोद कुमार सिंह की जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री आनन्दी प्रसाद यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया ।

[4] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2010-11 के बजट प्राक्कलन से संबंधित प्राप्ति एवं व्ययों के रूझान के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही का परिणाम की एक-एक प्रति को सदन के पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री जल संसाधन विभाग द्वारा बिहार विधान मंडल (सदस्यों का वेतन भत्ता एवं पेंशन) (संशोधन) नियमावली, 2010 की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

आसन से घोषणा की गई कि यह 14 दिनों तक सदन पटल पर रखी रहेंगी ।

(iii) माननीय प्रभारी मंत्री जल संसाधन विभाग द्वारा बिहार सांख्यिकी सेवा नियमावली, 2009 तथा बिहार अवर योजना संवर्ग नियमावली, 2009 की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.45 बजे अप० तक ।

[5] **वित्तीय कार्य :- वर्ष 2010-11 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री कृषि विभाग द्वारा कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य डॉ० फैयाज अहमद द्वारा कृषि विभाग के अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

तदुपरांत कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद प्रारंभ हुआ, जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री दिनेश प्रसाद
(ii) डॉ० अच्युतानन्द
(iii) श्री चन्द्रशेखर
(iv) श्री शालीग्राम यादव
(v) श्री रामदेव महतो

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री रामेश्वर पासवान ने आसन ग्रहण किया)

(vi) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(vii) श्रीमती पूनम देवी यादव
(viii) श्री रामायण मांझी
(ix) श्री अवधेश कुमार राय
(x) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xi) श्रीमती रश्मि ज्योति
(xii) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xiii) श्री सोम प्रकाश सिंह

माननीय प्रभारी मंत्री कृषि विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत एवं अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ । इसके उपरांत वित्तीय वर्ष 2010-11 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित शेष अनुदान की मांगें बारी-बारी से गिलोटीन द्वारा स्वीकृत हुई ।

[6] **विधायी कार्य** :- **राजकीय (वित्तीय) विधेयक** :- **बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2010**

माननीय उप मुख्य मंत्री द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

विधेयक पर विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में विधेयक के सभी खण्ड बारी-बारी से इसके अंग बनें ।

माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[7] **निवेदन** :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 13 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

[8] **शोक प्रकाश** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने स्व० मो० ईस्माइल पूर्व स०वि०स० के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवार के पास भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 9 दिसम्बर, 2010 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-08.12.2010

सुरेन्द्र प्रसाद शर्मा
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।